SOCIAL SAMAJWADI सोशल समाजवादी سوشل سماجوادی

यूपी की बेटी को अमेरिका के राष्ट्रपति ओबामा ने किया सम्मानित

Social Samajwadi

August 11, 2016 4:33 pm

378

कहते हैं प्रतिभा को किसी बैशाखी की जरूरत नहीं होती है, जब भी हम कड़ी मेहनत करके कुछ हासिल करते हैं। तो दुनिया हमें सर आँखों पर बिठाने आगे आ जाती है। ऐसा ही कुछ लखनऊ की बेटी जयनी ने किया है कि आज उनका नाम का डंका पूरे अमेरिका में बज रहा है। जयनी को खुद अमेरिका के राष्ट्रपति बराक ओबामा ने आउटस्टैंडिंग एकेडमिक एचीवमेंट अवार्ड-2016 देकर सम्मानित किया है।

जयनी की इस सफलता पर पूरे देश और प्रदेश को आज गुमान है। लखनऊ में स्थित स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज के डायरेक्टर भरत राज सिंह की जयनी पोती हैं। उनकी उपलब्धि पर वह फूले नहीं समा रहे हैं। खुद डॉ भरत राज सिंह एयरो बाइक के अविष्कारक हैं और पर्यावरण पर लिखे उनके चैप्टर को अमेरिका ने पाठ्यक्रम में भी शामिल किया है। उन्हें दो बार लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड अवार्ड- 2014 व 2015 में प्राप्त हो चुका है।

ये सफलता सिर्फ जयनी की नहीं है, बल्कि ये पूरे प्रदेश की सफलता है। जयनी की सफलता से हमारी युवा पीढ़ी प्रेरणा हासिल करके अपनी क्षमता का एहसास पूरी दुनिया को करा सकती है। हमारे प्रदेश के सीएम अखिलेश यादव हमेशा से युवाओं को तकनीकी शिक्षा से जोड़ने के पक्षधर रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने पूरे प्रदेश में अबतक 15 लाख से ज्यादा छात्रों को मुफ्त में लैपटॉप दिया था। हाल ही में हुए एक सर्वे में उनके लैपटॉप वितरण योजना को सराहना भी मिली है।